आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 31.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट– स्पेडेक्स मिशन का सफल प्रक्षेपण किया।
- राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिये प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है।
- प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी।
- मुख्यमंत्री ने नव वर्ष के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने कल रात स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट– स्पेडेक्स मिशन का सफल प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के पीएसएलवी–सी 60 रॉकेट को दो अंतरिक्षयानों के साथ प्रक्षेपित किया गया। इससे अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन में सहायता मिलेगी। पीएसएलवी–सी60 रॉकेट ने एसडीएक्स–01 यानी चेज़र और एसडीएक्स–02 यानी टारगेट के नाम के दो उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। यह दोनों उपग्रह अगले दस दिनों में अंतरिक्ष में डॉकिंग करने के लिए आगे बढ़ाए जाएंगे। स्पेडेक्स मिशन का लक्ष्य अंतरिक्ष में डॉकिंग की क्षमता की उन्नत प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करना है। यह मिशन चंद्र अभियान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे भविष्य के कार्यक्रमों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया कि दोनों उपग्रहों के पैनल सफलतापूर्वक तैनात कर दिए गए हैं। दोनों उपग्रह 20 किलोमीटर की यात्रा करेंगे और फिर डॉकिंग प्रक्रिया शुरू होगी जब दोनों उपग्रह करीब आएंगे और अंतरिक्ष में एक साथ डॉक करेंगे।

नगर निकाय चुनाव

राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिये नामांकन का अंतिम दिन कल समाप्त हो गया। नामांकन के आखिरी दिन बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने नामांकन किये। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्यभर के सभी ग्यारह नगर निगमों के लिये महापौर पर पर एक सौ तीन नामांकन प्राप्त हुये हैं। इसके अतिरिक्त, निकाय चुनाव में पांच सौ उनासी प्रत्याशियों ने अध्यक्ष और और पार्षद–सभासद पदों के लिये पांच हजार आठ सौ चौदह नामांकन पत्र प्राप्त हुए। आज और कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

नामांकन वापस लेने का अंतिम तिथि दो जनवरी है। मतगदान बैलेट पेपर के माध्यम से 23 जनवरी को होंगे, जबकि परिणाम 25 जनवरी को घोषित किये जायेंगे।

इस बीच, प्रदेश के सबसे बड़े नगर निकाय देहरादून में भाजपा–कांग्रेस समेत अन्य दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों ने महापौर व अध्यक्ष पदों पर 49 नामांकन पत्र दर्ज किए हैं। नगर निगम ऋषिकेश में महापौर व पार्षद पदों पर कुल 171 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। नामांकन दर्ज होने के बाद प्रदेश भर में चुनावी सरगर्मियां बढ़ गई हैं। भाजपा–कांग्रेस व अन्य दलों के प्रत्याशियों के साथ ही निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया हैं।

<u>मोबाइल मेडिकल यूनिट</u>

देहरादून की कालसी तहसील के नागथात क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट उपलबध कराई जा रही है। हंस फाउंडेशन की ओर से उपलबध कराई जा रही यह मोबाइल मेडिकल यूनिट दो जनवरी से शुरू होगी। नागथात क्षेत्र में 40 ग्राम पंचायतों में 15 हजार से अधिक लोग निवास करते हैं, और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हंस फाउंडेशन ने मार्च 2025 तक क्षेत्र के अन्य 40 गांवों को भी इस सेवा से जोड़ने का आश्वासन दिया है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि यह कदम क्षेत्रवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

<u>गिरफ्तारी</u>

पौड़ी पुलिस ने सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों के लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि गिरोह के मास्टरमाइंड सहित अन्य सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

<u>समय सीमा बढोतरी</u>

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड–सीबीडीटी ने विवाद से विश्वास योजना की समय सीमा आज से बढ़ाकर अगले वर्ष 31 जनवरी तक कर दी है। इससे करदाताओं को योजना में निर्दिष्ट देय राशि निर्धारित करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। बजट में घोषित योजना का उद्देश्य करदाताओं को आयकर विभाग के साथ विवादों को सुलझाने में मदद करना है। इससे करदाताओं को एक निर्दिष्ट प्रतिशत के साथ विवादित राशि का भुगतान करके अपनी बकाया कर देनदारियों का निपटान करने में मदद मिलेगी।

नव वर्ष तैयारियां

उत्तराखंड नये साल का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों के चेहरे पर खुशी की लहर है। देवभूमि उत्तराखंड में नये साल के जश्न को मनाने के लिये पर्यटकों के पहुंचने का क्रम जारी है। खासतौर पर पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद पर्यटकों का आना और भी बढ़ गया है। राज्य के प्रमुख हिल स्टेशनों जैसे नैनीताल, मसूरी, धनोल्टी, औली, टिहरी और अल्मोड़ा में सैलानियों की भीड़ देखी जा रही है, जो नये साल का स्वागत करने के लिए यहां पहुंचे हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पर्यटकों के आगमन से उनके व्यापार में तेजी आई है और नये साल के मौके पर इस गतिविधि से आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। इस बीच, प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े उपाय किए हैं। मसूरी में विशेष यातायात योजना लागू की गई है, ताकि पर्यटकों की संख्या के हिसाब से पार्किंग और यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चले। नैनीताल जिले में भी नये साल के मौके पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। आज सुबह 9 बजे से कल रात 10 बजे तक भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ताकि रास्तों पर किसी तरह की असुविधा न हो।

नव वर्ष उल्लास

इस बीच, सरोवर नगरी नैनीताल में नए वर्ष के स्वागत के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। नगर की झील को रंग–बिरंगी बिजली की मालाओं से सजाया गया है और मॉल रोड पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही, पहली बार मॉल रोड पर गैस से संचालित हीटरों की व्यवस्था भी की जा रही है। नव वर्ष की खुशियों को सुरक्षित बनाने के लिए नैनीताल पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। कुल 345 पुलिसकर्मियों के साथ–साथ अतिरिक्त बल, फायर टेंडर और पीआरडी जवानों की तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने कहा है कि जश्न के दौरान किसी भी तरह के हुड़दंग या असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखेगी और हुडदंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विशेष यातायात व्यवस्था

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नव वर्ष पर उत्तराखंड में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। आज मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान श्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए साल के दौरान ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उचित यातायात प्रबंधन किया जाए। श्री धामी ने बताया कि पर्यटन स्थलों पर ट्रैफिक को सुव्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। रात के समय में सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

मुख्यमंत्री ने शराब पीकर गाड़ी चलाने, ओवरस्पीडिंग करने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि ट्रैफिक और सुरक्षा प्रबंधों के तहत विभिन्न घटनाओं पर निगरानी रखने के लिए तकनीकी उपायों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए।

विशेष रेलगाड़ी संचालन

रेलवे प्रयागराज महाकुंभ के लिए तीन हजार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करेगा। इनमें एक हजार आठ सौ छोटी दूरी और 700 लंबी दूरी के लिए रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। 560 रेलगाडियां प्रयागराज में बनाए गए रिंग रेल मार्ग पर चलेंगी। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगा। रेल मंत्रालय ने बताया है कि मेला क्षेत्र के अलावा प्रयागराज के नौ रेलवे स्टेशनों पर 560 स्थानों पर टिकट उपलब्ध कराई जायेंगी। महाकुंभ के लिए रेलवे ने 15 दिन पहले रेलवे टिकट जारी करने की सुविधा शुरू कर दी है।

पर्यटन

राजाजी टाइगर रिजर्व इस वर्ष पर्यटन के लिहाज से विशेष रूप से सफल रहा है। पर्यटकों को लगातार हाथी, गुलदार और बाघों के दीदार हो रहे हैं, जिससे यहां का आकर्षण बढ़ा है। पहले जहां केवल चीला रेंज में सैलानी बाघों का दीदार कर पाते थे, वहीं अब मोतीचूर रेंज में भी बाघ दिखाई देने लगे हैं। मोतीचूर रेंज में बाघों का ट्रांसलोकेशन सफलतापूर्वक किया जा रहा है, और यह रेंज अब बाघों के संरक्षण के लिए विख्यात हो रही है। इस रेंज की निगरानी की व्यवस्था भी काफी मजबूत हो चुकी है। इस बीच, नव वर्ष के दौरान पार्क में सुरक्षा बढ़ाने के लिए अलर्ट घोषित किया गया है, और सभी रेंजों में वन कर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि रेंज में किसी भी तरह की हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।